09/04/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल ब्रातिस्लावा में स्लोवाक गणराज्य के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी के साथ बैठक और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं और साझा वैश्विक और क्षेत्रीय हितों के मुद्दों पर चर्चा की। भारतीय पक्ष की ओर से प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में राज्य मंत्री श्रीमती निमूबेन बांभानिया के साथ-साथ संसद सदस्य श्री धवल पटेल और श्रीमती संध्या रे और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। राष्ट्रपति ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में राष्ट्रपति पेलेग्रिनी की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता और पहल की सराहना की। दोनों नेताओं ने दो समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया, पहला राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी) और स्लोवाक बिजनेस एजेंसी के बीच एमएसएमई के क्षेत्र में सहयोग पर और दूसरा सुषमा स्वराज इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन सर्विस और स्लोवाक विदेश और यूरोपीय मामलों के मंत्रालय के बीच सहयोग पर सहमति बनी।

0000000000000000000000

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी कल राज्य का दौरा करेंगी। 13 अप्रैल तक चलने वाले अपने 4 दिवसीय राज्य दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री पोषण पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए वह भारत सरकार की योजनाओं के कार्यान्वयन को बढ़ाने के उद्देश्य से कई क्षेत्र के दौरे और समीक्षा बैठकों पर ध्यान केंद्रित करेंगी। केंद्रीय मंत्री क्रा दादी और लोअर सुबनसिरी जिलों का दौरा करेंगी, जहां वह पोषण पखवाड़ा से संबंधित गतिविधियों में भाग लेंगी।

पोषण पखवाड़ा कार्यक्रमों में भाग लेने के अलावा, वे लाभार्थियों के साथ बातचीत करने और सरकारी योजनाओं के प्रभाव का आकलन करने के लिए क्षेत्र के स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों, अस्पतालों, का दौरा करेंगी साथ ही सहकारी समितियों और स्वयं सहायता समूहों मुलाकात भी करेंगी। इन यात्राओं का उद्देश्य महिलाओं, बच्चों और समुदायों के लिए प्रमुख सरकारी कल्याण योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना है।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू, उपमुख्यमंत्री चाउना मेन और मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता आज से तवांग के आधिकारिक दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि इस दौरे के तहत एनएचपीसी, एनटीपीसी, नीपको और एसजेवीएन के साथ सभी प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी। श्री खांडू ने बताया कि चल रही एवं आगामी परियोजनाओं की कुल क्षमता लगभग 18,000 मेगावाट होने का अनुमान है, जो अरुणाचल के ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। अन्य प्रमुख कार्यक्रमों में क्षेत्र की कृषि-निर्यात क्षमता को बढ़ावा देने के लिए अपेडा द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय खरीदार और विक्रेता बैठक और अरुणाचल हिमालयन ओडिसी थ्रिल रन शामिल हैं।

0000000000000000000

शिक्षा मंत्री पी.डी. सोना द्वारा शिक्षित अरुणाचल पहल के तहत चल रही योजनाओं की प्रगति का आकलन करने के उद्देश्य से आज, ईटानगर में शिक्षा और पीडब्ल्यूडी विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

शिक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से बताया कि, बैठक में शैक्षिक बुनियादी ढांचे में सुधार और कार्यक्रम के सभी प्रभावी जमीनी कार्य सुनिश्चित करने के व्यापक दृष्टिकोण के साथ विभागीय प्रयासों को संरेखित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

0000000000000000000

एसआई महंत प्रसाद के नेतृत्व में निरजुली पुलिस टीम ने एक और चोरी की स्कूटी बरामद करने में सफलता हासिल की है और चोरी में शामिल आरोपी को असम से गिरफ्तार किया है। विश्वसनीय इनपुट पर कार्रवाई करते हुए, टीम ने आरोपी को असम के चिरांग जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसके साथ ही आईसीआर क्षेत्र में पुलिस और सामुदायिक पहल के तहत बरामद चोरी के वाहनों की कुल संख्या आठ हो गई है। इस बीच, एसपी नाहरलागुन मिहिन गाम्बो ने नागरिकों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अनवेरिफाईड वाहिकल्स की सूचना निकटतम पुलिस स्टेशन को देने का आग्रह किया है।

0000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने राज्य के वेस्ट कामेंग, लोअर सुबनसिरी, पापुमपारे, वेस्ट सियांग, अंजाव, लोहित, नामसाई, तिराप और लोंगडिंग जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने का अनुमान लगाया है।

00000000000000000000

अवैध शराब के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए नामसाई पुलिस ने मिलावट और नकली ब्रांड ट्रेडमार्क के तहत नकली शराब बेचने के आरोप में आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मीडिया से बात करते हुए नामसाई पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी ने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया, जिसके दौरान घटनास्थल से बड़ी संख्या में खाली शराब की बोतलें और विभिन्न लोकप्रिय शराब ब्रांडों के नकली ट्रेडमार्क स्टिकर बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त, पुलिस ने पुष्टि की है कि नकली शराब के स्रोत का पता लगाने हेतु आगे की जांच चल रही है। इस बीच, अधिकारियों ने जनता से सतर्क रहने और मिलावटी शराब की बिक्री या उत्पादन से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने का आग्रह किया है।

00000000000000000